भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 24.09.2024

# आरेडिका में स्वच्छता अभियान 4.0 के तहत घर–घर स्वच्छता रैली

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता अभियान 4.0 को सफल बनाने एवं जन भागीदारी को बढ़ाने हेतु दिनांक –24.09.2024 को प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव के नेतृत्व में टाइप–2, टाइप–3 एवं टाइप–4 कॉलोनियों में घर–घर रैली निकाल कर बड़ी संख्या में लोगों को इस अभिनव अभियान से जोड़ने के लिए एक सराहनीय पहल की गई।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए आरेडिका ने कॉलोनी परिसर में सहायक अधिशासी अभियंता/टी एस, सहायक अभियंता/वर्कशॉप एवं सहायक अधिशासी अभियंता/पी एण्ड डी के अधीन तीन टीमों का गठन किया गया। तीनों टीमों ने घर–घर जाकर लोगों को स्वच्छता ही सेवा मुहिम के बारे में जानकारी दी कि हमें अपने आस–पास के वातावरण को साफ–सुथरा रखने के लिए प्रयास करना चाहिए। यह विचार हमें अपने समाज में सेवा की भावना विकसित करने में मदद करता है।

स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत अपने आस–पास के पार्कों एवं सड़को को साफ रखने, वृक्षारोपण तथा जल का संरक्षण, कचरें को इधर–उधर न डालकर घर–घर कूड़ा एकत्रित करने वाली गाड़ियों में सूखे एवं गीले कूड़े को अलग–2 कर के डालने एवं पॉलीथीन का प्रयोग न करने एवं सामान लाने के लिए जूट या कपड़े के थैले का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया।

आज के इस कार्यक्रम के तहत लगभग 1500 रेलवे आवास धारको एवं उनके परिवारों से मिलकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया जिसमें लगभग 2000 लोग सहभागी बने।

24.9.2024
(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी